प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 25.09.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस को मिली सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने को लेकर व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर की गयी थी साइबर ठगी।**
- **साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस ने शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 29,070 रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री विमल कुमार पुत्र श्री बलवीर सिंह निवासी बलिहारा थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 27.02.2024 को साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने को लेकर व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में शिकायतकर्ता विमल कुमार उपरोक्त ने साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त शिकायत/सूचना पर साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/ बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 24.09.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 29,070/- रुपये वापस कराये गये। साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता द्वारा कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद किया गया।

वापस करायी गयी धनराशि-

29,070/- रुपये

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री सतीश कुमार सिंह थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. क0ऑ0 सुशील गौर साइबर सेल थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 नीरज शर्मा साइबर सेल थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।